वित्तीय व्यय की समीक्षा आख्या – बस्ती मण्डल
भ्रमण तिथि– 07 से 09 फरवरी, 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2023–24 / 04 / 8542–2 दिनांक–06–02–2024 के संदर्भ में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा वित्तीय व्यय की समीक्षा हेतु दिनांक 07 से 09 फरवरी, 2024 तक बस्ती मण्डल का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–

डा0 आनन्द अग्रवााल , उपमहाप्रबंधक–आर0के0एस0के0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
श्री अभिषेक सोनी, परामर्शदाता–नियोजन, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
श्री परीक्षित चौधरी, आडिट आफिसर, वित्त अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान की गयी गतिविधियां–

- मण्डलीय अपर निदेशक– बस्ती मण्डल, मुख्य चिकित्साधिकारी–बस्ती, समस्त जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक।
- जनपद – सिद्धार्थनगर के मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय व्यय की समीक्षा बैठक।
- जनपद – सन्त कबीरनगर के मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ वित्तीय समीक्षा बैठक।

दिनांक 07.02.2024 से 09.02.2024 के मध्य राज्य स्तरीय गठित टीम द्वारा बस्ती मण्डल का भ्रमण किया गया जिसमें आवंटित बजट के सापेक्ष किये गये व्यय की प्रगति की समीक्षा बस्ती मण्डल स्तर एवं जनपद स्तरों पर की गयी। जिसमें अपर मण्डलीय निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक, जनपद स्तरीय ए0सी0एम0ओ0, डी0ए0एम0, डी0पी0एम0 एवं जनपदीय कार्यक्रम समन्वयक आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सिद्धार्थनगर एवं संतकबीर नगर जनपद में ब्लाक स्तरीय एम.ओ.आई.सी. तथा बी.ए.एम. तथा बी.पी.एम. के साथ व्यय पर समीक्षा की गयी।

उपलब्ध करायी गयी चेकलिस्ट के अनुसार शून्य व्यय 75 प्रतिशत से कम तथा अधिक व्यय वाले सभी एफ.एम.आर. पर क्रमवार समीक्षा की गयी। लम्बित भुगतानों की स्थिति हेतु एन.एच.एम. तथा वित्तीय अधिकारियों से भी चर्चा की गयी।

उक्त व्यय की स्थिति समीक्षा के उपरान्त कार्यक्रम नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बस्ती मण्डल के अन्तर्गत समस्त जनपदों को आवंटित / कमिटेड बजट धनराशि के सापेक्ष वित्तीय नियमानुसार 03 कार्य दिवसों में लंबित भुगतान का शत प्रतिशत व्यय कर एफ0ए0एम0एस0 पोर्टल पर अपडेट कराना सुनिश्चित करें। जिन गतिविधियों में भुगतान शून्य है उनका भुगतान अविलम्ब कराने हेतु निर्देशित किया गया। जो गतिविधियां लम्बित है उन गतिविधियों को सम्पादित करने हेतु योजना बनाने का निर्देश दिया गया। लम्बित टेण्डर्स को अविलम्ब पूर्ण करने का आश्वासन जनपद द्वारा दिया गया।

दिनांक 07.02.2024 से 09.02.2024 की समीक्षा बैठक में बस्ती मण्डल में सभी जनपदों में कुल व्यय की प्रगति की स्थिति निम्नानुसार है–

बस्ती मण्डल					भ्रमण से पूर्व की व्यय की स्थिति (06.02.2024)	भ्रमण के उपरान्त किये गये व्यय की स्थिति (12.02.2024)	
S. no.		Release DHAP	Committed Budget	Total DHAP	Expenditure	Expenditure	Increase Expenditure Between 7.2.24 to 9.2.24
1	बस्ती	11558.34	2751.25	14309.58	7381.52	7714.69	5%
2	सिद्धार्थनगर	11419.00	2863.10	14282.09	6026.13	6580.61	9%
3	सन्त कबीर नगर	8319.17	2727.23	11047.10	4971.51	5160.77	4%

19-2-2024
अभिषेक सोनी
परामर्शदाता – नियोजन

19/02/2024
डा0 आनन्द कुमार अग्रवाल
उपमहाप्रबंधक- किशोर स्वास्थ्य
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0